**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–19.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। श्री कुमार ने इस पद पर राजीव कुमार का स्थान लिया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद अपने संदेश में श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है और भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए। जिसने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है उन्हें हमेशा मतदान करना चाहिए।

******************

इससे पहले, श्री कुमार 15 मार्च, 2024 से चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। चुनाव आयुक्त के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, 18वीं लोकसभा और जम्मू–कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली की विधानसभाओं के लिए चुनाव हुए।

******************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने युवाओं से आदिवासी समुदाय की परंपरा, संस्कृति और भाषा की रक्षा करने का आह्वान किया है। आयोग के 22वें स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि युवाओं को जन जागरण जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से इस प्रयास में शामिल किया जा रहा है। श्री आर्य ने कहा कि आयोग 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को पूरी लगन से क्रियान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग के सदस्य जिस भी जिले में जाते हैं, वहां वे एक पौधा लगाते हैं। श्री आर्य ने कहा कि यह अभियान आदिवासी समुदाय के आदर्श वाक्य जल, जंगल और जमीन का समर्थन करता है।

******************

भारतीय रिजर्व बैंक ने **आरबीआईडेटा** नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है, जो लोगों को भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित व्यापक आर्थिक और वित्तीय आंकड़े उपलब्ध कराएगा। बैंक ने एक बयान में कहा कि यह ऐप भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित आर्थिक डेटा की 11 हजार से अधिक विभिन्न श्रृंखलाएं उपलब्ध कराएगा। उपयोगकर्ता डेटा डाउनलोड भी कर सकते हैं। ऐप में डेटा के स्रोत का विवरण भी शामिल है। इसमें एक लोकप्रिय रिपोर्ट खंड भी है जिसमें बार–बार देखी जाने वाली रिपोर्टों की श्रृंखला शामिल है। ऐप के जरिये उपयोगकर्ताओं अपने आसपास 20 किलोमीटर के क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

******************

पर्यटन, कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू आज दोपहर इटखोरी पहुंचेंगे और मां भद्रकाली मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। इसके बाद वे तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायकगण और धर्मगुरु उपस्थित रहेंगे, सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

******************

रामगढ़ जिले मे बढ़ते साइबर अपराध को लेकर लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

******************

गिरिडीह में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गयी है। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि पहला हादसा जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के लटकटो जंगल के पास कल रात हुआ, जहां एक बाइक और स्कॉर्पियो के बीच हुई टक्कर में दोनों वाहनों में सवार 6 लोगों की मौत हो गयी। इनमें केनरा बैंक की इसरी बाजार शाखा के मैनेजर भी शामिल हैं। दूसरी घटना बगोदर के पास हुई, जहां एक बाइक असंतुलित होकर बिजली के खंभे से टकरा गयी। इससे बाइक पर सवार बिहारो गांव के दो युवकों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया, जिनका इलाज हजारीबाग में चल रहा है।

******************

हजारीबाग में आयोजित झारखंड राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप में डे बोर्डिंग रांची में कार्यरत बैडमिंटन प्रशिक्षक संजू कुमार ने तिहरा खिताब हासिल किया है। प्रतियोगिता में संजू कुमार ने राहुल कुमार को हराकर सिंगल्स का खिताब हासिल किया। डब्ल्स में भी संजू ने मनोज तिवारी के साथ मिलकर सौरभ

कुमार और अभिनव राव की जोड़ी को  हराया। बाद में उन्होंने मिक्सड डबल्स का भी खिताब हासिल किया।

**********